Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-07-2006

Participants : Patel Shri Jivabhai Ambalal

an>

Title : Need to give tax exemption on the amount of compensation received by farmers for their land acquired for oil and gas wells in Mehsana, Gujarat.

श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाणा में किसानों के खेतों में जब गैस एवं तेल के कुएं मिलते हैं तो उनकी जमीन को सरकार अधिगृहीत करती है, परन्तु बड़े खेद के साथ सरकार को सूचित करना चाहता हूं कि खेती वाली जमीन का अधिग्रहण करने पर जो मुआवजा किसानों को मिलता है उस पर आयकर लिया जाता है जो किसानों के साथ अन्याय है। एक ओर तो उनके खेत लेने के बाद उनके परिवार का लालन-पालन का आधार छिन जाता है तो दूसरी ओर खेतों से मिलने वाले पैसे पर भी आयकर लगा कर उनकी जमीन के मूल्य का अधिकांश भाग सरकार ले लेती है।

अतः सरकार से अनुरोध है कि जब भी किसानों से कोई जमीन अधिगृहीत की जाती है चाहे वह किसी कार्य के लिए हो, तो खेतों की जमीन से मिलने वाले मुआवजे पर किसी प्रकार का टैक्स नहीं लगना चाहिए।